हरिभूमि
सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार 14 अगस्त 2026

तापमान
अधिकतम 37.8°C
न्यूनतम 25.1°C

10 उत्तर प्रदेश की चूड़ियों से खनखनाएं बाजार

11 तिरंगा यात्रा निकाल कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

खबर संक्षेप

मशीन की चपेट में आने से कर्मचारी घायल

खरखौदा। पहलादपुर गांव स्थित भगवती पैकर्स में मशीन पर काम करते समय एक कर्मचारी का दाहिना हाथ मशीन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान सतेश्वर प्रसाद के रूप में हुई है। हादसे के बाद सहकर्मी उसे उपचार के लिए ईएसआई अस्पताल, सेक्टर-15 रोहिणी, दिल्ली लेकर पहुंचे। शिकायत के अनुसार, सतेश्वर प्रसाद फैक्ट्री में मशीन ऑपरेटर के तौर पर काम करता है। मशीन पर काम करने के दौरान अचानक उसका हाथ मशीन की चपेट में आ गया, जिससे हाथ में गंभीर चोटें आईं। उपचार के दौरान उसे आईसीयू में भी रखा गया। बाद में उसे ईएसआई अस्पताल, बसईदारापुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शिकायत और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

25 वर्षीय युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

खरखौदा। शहर के वार्ड नंबर 14 से 25 वर्षीय युवक के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। युवक 10 अगस्त की दोपहर घर से निकला था, लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर पुलिस थाना खरखौदा में शिकायत दी। पुलिस को दी शिकायत में अंजू निवासी वार्ड नंबर 14 खरखौदा ने बताया कि उसका बेटा आकाश 10 अगस्त को दोपहर के समय घर से निकला था। इसके बाद वह वापस घर नहीं आया। परिजनों ने रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर उसकी तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। इसके बाद पुलिस को शिकायत देकर आकाश की तलाश करने की गुहार लगाई गई।

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

खरखौदा। फरमाणा से अपने गांव जसराना लौट रहे मोटरसाइकिल सवार बलजीत सिंह को तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे में बलजीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए पीजीआई रोहतक ले जाया गया। बलजीत सिंह की पत्नी उषा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि हादसे के बाद अस्पताल में उपचार के दौरान एक युवक वहां पहुंचा और उसने दुर्घटना के समय ट्रैक्टर चलाने की बात स्वीकार की। पूछताछ में युवक ने अपना नाम विशाल निवासी फरमाणा बताया। पुलिस के अनुसार, घायल बलजीत सिंह का बयान लेने का प्रयास किया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसकी हालत बयान देने के लिए उपयुक्त नहीं बताई।

ट्रकों को दिल्ली जाने से रोका एनएच-44 पर लगी लंबी कतार

स्वतंत्रता दिवस की सुरक्षा के चलते सुबह 4 से दोपहर 1 बजे तक लागू रही रोक, मुरथल बाईपास और बहालगढ़ में पुलिस ने संभाला मोर्चा

गुरुवार दोपहर एक बजे प्रतिबंध की अवधि समाप्त होने के बाद पुलिस ने ट्रकों को धीरे-धीरे दिल्ली की ओर रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर गुरुवार को एनएच-44 पर मालवाहक वाहनों की रफ्तार थम गई। सुबह करीब चार बजे से दोपहर एक बजे तक दिल्ली की ओर जाने वाले ट्रकों को सोनीपत सीमा में मुरथल बाईपास और बहालगढ़ के पास रोक दिया गया। इससे राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रकों की लंबी कतार लग गई और अन्य वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर एक बजे प्रतिबंध की अवधि समाप्त होने के बाद पुलिस ने ट्रकों को धीरे-धीरे दिल्ली की ओर रवाना किया।

जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

दिल्ली में 15 अगस्त को होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह और उससे पहले सुरक्षा तैयारियों को देखते हुए दिल्ली की ओर जाने वाले भारी वाहनों के लिए यातायात व्यवस्था जारी की गई थी। इसी के तहत सोनीपत पुलिस ने मुरथल और बहालगढ़ क्षेत्र में मोर्चा संभालते हुए मालवाहक वाहनों को निर्धारित स्थानों पर रुकवाया।

वाहनों की संख्या अधिक होने के कारण एनएच-44 पर कई स्थानों पर लंबी कतारें लग गईं। दोपहर एक बजे प्रतिबंध की अवधि समाप्त होने के बाद दिल्ली की ओर जाने वाले ट्रकों को धीरे-धीरे आगे बढ़ाया गया। पुलिस ने वाहनों को एक साथ रवाना करने के बजाय व्यवस्थित तरीके से निकाला, ताकि दोबारा जाम की स्थिति न बने। स्वतंत्रता दिवस समारोह को देखते हुए आने वाले दिनों में भी दिल्ली की ओर जाने वाले भारी वाहनों की आवाजाही प्रभावित रहने की संभावना है। पुलिस ने वाहन चालकों से यात्रा से पहले यातायात व्यवस्था की जानकारी लेने और निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करने की अपील की है।

सोनीपत। नेशनल हाइवे 44 पर रोके गए भारी वाहन।

स्कूल बसों और आवश्यक सेवाओं को राहत

पुलिस ने सभी वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद नहीं की। स्कूल बसों, यात्री वाहनों और आसपास के क्षेत्र में जाने वाले वाहनों को परिस्थितियों के अनुसार आगे जाने दिया गया। दूध, फल, सब्जियों और अन्य आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को भी प्रतिबंध से राहत दी गई। पुलिसकर्मी लगातार वाहनों की जांच के साथ यातायात व्यवस्था संभालते नजर आए।

दिल्ली जाने वाले कार चालक फंसे रहे



एनएच-44 दिल्ली को उत्तर भारत के कई राज्यों से जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। रोजाना बड़ी संख्या में मालवाहक, यात्री और निजी वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं। ट्रकों को रोकने के कारण सड़क पर यातायात का दबाव बढ़ गया। कई यात्रियों को जाम जैसी स्थिति का सामना करना पड़ा। कुछ वाहन चालकों ने पुलिस कर्मचारियों से रास्ता खुलवाने की गुहार भी लगाई। पुलिस ने परिस्थितियों के अनुसार कुछ वाहनों को आगे जाने की अनुमति दी।

अवैध कॉलोनियों के खिलाफ एकजुट हुए नगर निगम पार्षद

■ मेयर राजीव जैन से मिलकर कार्रवाई की मांग

सोनीपत। मेयर को वार्डों की समस्याओं से अवगत करवाते पार्षद एवं प्रतिनिधि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

नगर निगम क्षेत्र में काटी जा रही अवैध कॉलोनियों के खिलाफ पार्षद एकजुट हो गए हैं। पार्षदों ने वीरवार को नगर निगम कार्यालय में मेयर राजीव जैन के साथ बैठक कर अवैध कॉलोनियों पर रोक लगाने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

कूड़ा उठान नहीं हो रहा

इसके साथ ही पार्षदों ने वार्डों में दूषित पेयजल आपूर्ति, घरों से नियमित कूड़ा उठान नहीं होने और सफाई व्यवस्था से जुड़ी समस्याएं भी मेयर के समक्ष रखीं। मेयर ने समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया। पार्षदों ने बताया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कृषि योग्य भूमि पर अवैध रूप से कॉलोनियां काटी जा रही हैं। सरकार की ओर से सेक्टर-7 की तरफ कृषि योग्य भूमि पर रोक लगाए जाने के बावजूद अवैध कॉलोनियां विकसित की जा रही हैं। इससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पार्षदों ने निगम आयुक्त से भी मामले में जल्द कार्रवाई करवाने की मांग की।

दूषित पानी की सप्लाई पर जताई नाराजगी

पार्षदों ने बताया कि कई क्षेत्रों में लंबे समय से दूषित पेयजल की आपूर्ति की शिकायतें मिल रही हैं। इसके अलावा घरों से नियमित रूप से कूड़ा नहीं उठाया जा रहा है। कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों और हेल्परों की संख्या कम होने के कारण भी लोगों को परेशानी हो रही है। पार्षदों ने कहा कि बार-बार शिकायतों के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। जिससे परेशानी हो रही है।

मनमानी करने वालों पर कार्रवाई होगी

उन्होंने कहा कि मूलभूत सुविधाओं के मामले में ठेकेदार या अधिकारी मनमानी नहीं कर सकते। जो भी ठेकेदार या अधिकारी जिम्मेदारी के अनुसार काम नहीं करेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की जाएगी। पार्षदों ने शहर के विकास और लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर कार्य करने का निर्णय लिया। बैठक में निगम पार्षद एवं प्रतिनिधि अनुराग जैन, राजेश मलिक, राजकुमार शर्मा, नवीन बिट्टू, सुनीता, मुकेश सैनी और संजय बड़वासनी मौजूद रहे।

खाते में 1 लाख रुपये भेजते ही कार लेकर फरार हुआ ग्राहक

■ मनी ट्रांसफर एजेंट ने रिटेलर के कहने पर ग्राहक के खाते में जमा की थी रकम, भुगतान किए बिना फरार होने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

नांगल कलां गांव में मनी ट्रांसफर एजेंट के माध्यम से ग्राहक के खाते में एक लाख रुपये जमा कराने के बाद बिना भुगतान किए कार लेकर फरार होने का मामला सामने आया है। रिटेलर के कहने पर एजेंट ने अपनी एजेंट आईडी से ग्राहक के कोटक महिंद्रा बैंक खाते में रकम भेजी थी। बाद में ग्राहक रुपये दिए बिना ही कार लेकर फरार हो गया। साइबर अपराध थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात ग्राहक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नांगल कलां निवासी यश अत्री ने पुलिस को बताया कि वह अत्री टेलीकॉम के नाम से मनी ट्रांसफर का काम करते हैं। पानीपत के समालखा में जीटी रोड के पास गांव जगदीशपुर निवासी मंदीप सिंह भी उनकी रिटेलर दुकान चलाते हैं। यश के अनुसार, 9 अगस्त को मंदीप सिंह ने वाट्सऐप के माध्यम से एक ग्राहक का कोटक महिंद्रा बैंक खाता नंबर भेजा और उसमें एक लाख रुपये जमा करने को कहा। यश ने अपनी एजेंट आईडी से बताए गए खाते में एक लाख रुपये भेज दिए और लेनदेन का प्रमाण भी मंदीप को भेज दिया। कुछ देर बाद मंदीप ने फोन कर बताया कि जिस ग्राहक के खाते में रकम जमा की गई थी, वह रुपये दिए बिना ही कार लेकर फरार हो गया। ग्राहक की कार का नंबर भी पता नहीं चल सका। इसके बाद यश ने साइबर अपराध थाना पुलिस को शिकायत दी।

कर्मचारियों ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया

सोनीपत। गत 13 मई को हुए द्विपक्षीय समझौते को लागू नहीं करने और सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन तथा सफाई कर्मचारियों ने बुधवार को आठवें दिन भी हड़ताल जारी रखी। कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इकाई प्रधान भारत कंडेरा और फायर जिला प्रधान राजीव खत्री ने की, जबकि मंच संचालन इकाई सचिव राजा भाई ने किया। राज्य वरिष्ठ उपप्रधान राजीव खत्री ने कहा कि 13 मई के समझौते में कर्मचारियों की मांगों पर सहमति बनी थी, लेकिन सरकार ने उन्हें लागू करने के बजाय जॉब सिक्योरिटी का पत्र जारी कर दिया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को नियमित सरकारी नौकरी देने का आश्वासन दिया गया था।

एनएच-44 पर पिकअप की टक्कर से श्रमिक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

■ ड्रेन नंबर-8 के पास हादसा, चालक वाहन छोड़कर फरार

राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर प्याऊ मनियारी के पास ड्रेन नंबर-8 के निकट तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बिहार निवासी श्रमिक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बिहार के समस्तीपुर जिले के श्रीरामपुर अयोध्या निवासी चंदे पासवान के रूप में हुई है। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। कुंडली थाना पुलिस ने चांदनी देवी की शिकायत पर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चांदनी देवी ने पुलिस को बताया कि वह और उनके पति चंदे पासवान करीब एक साल से कुंडली स्थित एक प्लास्टिक कंपनी में काम कर रहे थे और प्याऊ मनियारी में रहते थे। बुधवार सुबह दोनों करीब नौ बजे ड्यूटी पर पहुंचे थे। कुछ देर बाद चंदे के शरीर में अधिक दर्द होने पर वह पत्नी को कंपनी में छोड़कर कमरे पर लौट रहे थे। दोपहर में चांदनी को सूचना मिली कि उनके पति ड्रेन नंबर-8 के पास सड़क हादसे में घायल हो गए हैं। सूचना मिलते ही चांदनी मौके पर पहुंचीं, लेकिन तब तक चंदे को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया जा चुका था। हादसे में गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मौत हो गई। चांदनी ने आरोप लगाया कि पिकअप चालक की लापरवाही से हादसा हुआ है।

एक ही कक्षा में मोबाइल से पढ़ाए जा रहे थे सभी बच्चे

■ औचक निरीक्षण में 14 में से छह विद्यार्थी मिले उपस्थित, दो शिक्षक होने के बावजूद एक कक्षा में चल रही थी पढ़ाई

गन्नौर। राजकीय प्राथमिक विद्यालय पुरखास देवा में वीरवार को खंड शिक्षा अधिकारी सुरजीत घणघस के औचक निरीक्षण के दौरान स्कूल की शैक्षणिक व्यवस्था में लापरवाही सामने आई। निरीक्षण के समय स्कूल में कुल 14 विद्यार्थियों में से केवल छह बच्चे उपस्थित मिले। स्कूल में दो शिक्षक कार्यरत होने के बावजूद सभी बच्चों को एक ही कक्षा में बैठाकर मोबाइल के माध्यम से पढ़ाया जा रहा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए स्कूल के मुखिया का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे शिक्षक नीरज को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों की उपस्थिति, पढ़ाई और स्कूल की अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान सभी बच्चों को एक ही कक्षा में बैठाकर मोबाइल के माध्यम से पढ़ाए जाने की स्थिति सामने आई। उन्होंने स्कूल की शैक्षणिक व्यवस्था को लेकर स्कूल मुखिया से जवाब मांगा है। नोटिस में दो दिन के भीतर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं। खंड शिक्षा अधिकारी सुरजीत घणघस ने कहा कि बच्चों के भविष्य के साथ किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिक्षक नीरज को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

■ मुख्यमंत्री ने मुरथल विश्वविद्यालय में क्षेत्रीय दक्षता विकास केंद्र का किया उद्घाटन

युवा तकनीक में आ रहे बदलाव का दर्शक नहीं बल्कि नायक बने : नायब सैनी

युवाओं से जीवनभर सीखने, चरित्र निर्माण और समाज को कुछ लौटाने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

■ हरियाणा कौशल विकास मिशन का गठन किया गया

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा का युवा तकनीक में तेजी से आ रहे बदलाव का दर्शक नहीं, बल्कि नायक बने। आज ऑटोमोबाइल क्षेत्र बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है। जो कल मैकेनिक था, आज वह मेका-ट्रॉनिक्स तकनीशियन है और जो कल कमी देखकर अनुमान लगाता था, आज वह डेटा पढ़कर निदान करता है। ऐसे में युवाओं को बदलती तकनीक के अनुरूप लगातार अपने कौशल को विकसित करना होगा। मुख्यमंत्री गुरुवार को दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में क्षेत्रीय दक्षता विकास केंद्र के उद्घाटन अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह केंद्र प्रदेश के युवाओं के कौशल, आत्मविश्वास और उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर युवा सीधे उद्योगों से जुड़ सकेंगे और उनके कौशल को रोजगार, उद्यमिता तथा राष्ट्र निर्माण की शक्ति मिलेगी।

उन्होंने विद्यार्थियों से तीन संकल्प लेने का आह्वान किया। पहला, जीवनभर सीखते रहें, क्योंकि तकनीक बदलती है और सीखना ही व्यक्ति को प्रासंगिक बनाए रखता है। दूसरा, कौशल के साथ चरित्र निर्माण करें, क्योंकि ज्ञान शक्ति देता है, लेकिन ईमानदारी उस शक्ति को सही दिशा देती है। तीसरा, जो सीखें उसका कुछ अंश समाज को लौटाएं, क्योंकि सफलता का सर्वोच्च रूप सेवा है। उन्होंने कहा कि डिग्री पहला अवसर दिला सकती है, लेकिन अनुशासन, परिश्रम और संवेदनशीलता ही व्यक्ति को दूर तक ले जाती है।



सोनीपत। मुरथल विवि में रिसर्च स्कॉलर्स को सम्मानित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

नौकरी मांगने वाले नहीं रोजगार देने वाले बनें युवा

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा की पहचान किसान, जवान, खिलाड़ी और अब तेजी से आगे बढ़ते तकनीकी कौशल से है। शिक्षा ऐसी होनी चाहिए, जिसमें युवा विश्वस्तरीय तकनीक सीख सकें। हमारी बेटियां ऑटोमोबाइल डिजाइन, इलेक्ट्रॉनिक्स, डेटा और डायग्नोस्टिक्स जैसे क्षेत्रों में नेतृत्व करें। आईटीआई, पॉलिटेक्निक, विश्वविद्यालय और उद्योगों के बीच मजबूत समन्वय जरूरी है, ताकि कौशल के बल पर युवा नौकरी मांगने वाले ही नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बनें। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, विधायक निखिल मदान, सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, मेयर राजीव जैन, विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. श्रीप्रकाश सिंह, रजिस्ट्रार अमित कुमार कंबोज, भाजपा जिला अध्यक्ष सोनीपत अशोक भारद्वाज, भाजपा जिला अध्यक्ष गोहाना बिजेंद्र मलिक, भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक व प्रदीप सांगवान, पुलिस आयुक्त ममता सिंह, जिला उपायुक्त नेहा सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

घर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग में झुलसकर 48 वर्षीय व्यक्ति की मौत

खाना खाने के बाद सोने की तैयारी कर रहा था नरेश, पंखे का तार बोर्ड में लगाते समय हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

शहर के आर्य नगर में बुधवार देर शाम घर में शॉर्ट सर्किट से आग लगने के कारण 48 वर्षीय नरेश की झुलसने से मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया और विसरा जांच के लिए लैब भेजा है। मृतक के बेटे मोनू ने बताया कि वह शहर के एक होटल में नौकरी करता है, जबकि उसके पिता नरेश ऑटो चलाते थे। बुधवार देर शाम नरेश ऑटो चलाकर घर लौटे थे। खाना खाने के बाद वह सोने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान पंखे का तार बोर्ड में लगाते समय अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया और आग लग गई। आग की चपेट में आने से नरेश गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के समय नरेश की पत्नी दूसरे कमरे में थी। आग लगने का पता चलने पर उसने शोर मचाकर आसपास के लोगों को मदद के लिए बुलाया। लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक नरेश की झुलसने से मौत हो चुकी थी।

विसरा रिपोर्ट से स्पष्ट होगा मौत का कारण

सिटी थाना प्रभारी सुभाष चंद ने बताया कि आर्य नगर में आग लगने से व्यक्ति की झुलसकर मौत होने की सूचना मिली थी। एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर विसरा जांच के लिए लैब भेजा गया है। विसरा रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट होंगे। रिपोर्ट के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

ट्रक की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत

गन्नौर। बड़ी गांव स्थित काली माता मंदिर के पास जीटी रोड पर तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार कमल की मौत हो गई, जबकि उसका भाई विमल घायल हो गया। थाना बड़ी पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार बाबू नंगला, जिला बरेली का रहने वाला विमल अपने भाई कमल के साथ बाइक पर हरिद्वार से नोएडा जा रहा था। 13 अगस्त की सुबह दोनों बड़ी गांव के पास पहुंचे। इसी दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। कमल को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल सोनीपत ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना बड़ी पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर स्वजन को सौंप दिया।

खबर संक्षेप

समाधान शिविर में प्राप्त हुई 12 शिकायतें

सोनीपत। गोहाना शुगर मिल के एमडी अंकिता वर्मा ने वीरवार को लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर के दौरान सभी विभागों के अधिकारियो को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें तथा किसी भी तरह की कोताही न बरती जाए। समाधान शिविर में कुल 12 शिकायतें प्राप्त हुई।

गोहाना में होगा ओबीसी चेयरमैन सम्मान समारोह

गोहाना। ओबीसी रोडवेज कर्मचारी महासभा, हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष योगी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ओबीसी वर्ग के नेताओं को विभिन्न आयोगों का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। इसके लिए महासभा मुख्यमं त्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करती है। सुभाष योगी ने बताया कि गोहाना में 16 अगस्त को नवनियुक्त चेयरमैनों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

गांव कैहल्पा में भंडारा 16 अगस्त को

गोहाना। गांव कैहल्पा स्थित शिव मंदिर में 16 अगस्त को 27वां वार्षिक भंडारा आयोजित होगा। भंडारे में श्रद्धालुओं को देसी घी के पकवान परोसे जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में मेला भी लगेगा। यह कार्यक्रम मंदिर के पुजारी पं. दुष्यंत की अध्यक्षता में आयोजित होगा। ग्रामवासियों और शिव मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिन पहले 15 अगस्त की सायं 9 बजे सत्संग किया जाएगा।

दर्श डिग्री कॉलेज में रक्तदान शिविर 14 को

गोहाना। सैनीपुरा गांव स्थित दर्श डिग्री कॉलेज में 14 अगस्त को रक्तदान शिविर आयोजित होगा। शिविर के साथ इस दौरान कॉलेज में ध्वजारोहण करके देश की आजादी के मतवालों को नमन किया जाएगा। मुख्य अतिथि कॉलेज के निदेशक अनूप राठी और प्राचार्य डॉ. विकास दहिया होंगे। अध्यक्षता प्रदीप चहल की होगी। संयोजन उप प्राचार्या डॉ. हर्ष का रहेगा। रक्तदान शिविर प्रातः 10 बजे शुरू होगा।

सड़क पर खड़े ट्रकों से यातायात बाधित

सोनीपत। शहर में अलग-अलग स्थानों पर लापरवाही से खड़े और सड़क में धंसे ट्रकों के कारण यातायात बाधित होने पर रक्षक सेना भारत के प्रमुख मनजीत तिहाड़ा ने प्रशासन का ध्यान इस ओर दिलाया। उन्होंने दोनों मामलों की सूचना तत्काल प्रशासन को देकर कार्रवाई की मांग की। एक स्थान पर मुख्य सड़क के बीच ट्रक खड़ा होने से वाहनों के आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही थी। मनजीत तिहाड़ा ने डायल-112 पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक की जांच शुरू की। दूसरे मामले में व्यस्त चौराहे के पास गत्ते और लकड़ी का सामान उतार रहा ट्रक सड़क की नरम सतह में धंस गया।

हरियाली तीज को लेकर खरीदारों से बढ़ने लगी रौनक

उत्तर प्रदेश की चूड़ियों से खनखनाएं बाजार, महक रही मेंहदी की खुशबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सावन में बारिश की फुहार, पेड़ों पर पड़े झूले, घेवर की खुशबू व सखियों संग हंसी-ठिठोली के बीच मन भी हर्षोल्लास से सराबोर होने को बेताब है। भगवान शिव व मां पार्वती की उपासना का पर्व हरियाली तीज इस वर्ष 15 अगस्त को शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि के दिन मनाया जाएगा। जहां हरियाली तीज की तैयारियां लोग जोर शोर से कर रहे हैं, वहीं बाजारों में रौनक छाने से व्यापारी भी खुश हैं। इस बीच उत्तर प्रदेश की सुहाग नगरी फिरोजाबाद की चूड़ियां जहां सोनीपत के बाजारों में अपनी खनखनाहट बिखेर रही हैं, वहीं मेहंदी की भीनी खुशबू से बाजार महक उठे हैं। सोनीपत के बाजारों में वीरवार को महिलाएं कपड़े व श्रृंगार का सामान खरीदती नजर आईं। माना जाता है कि यह महिलाओं के सजने व संवरने का पर्व है। तीज के साथ त्योहारों का सिलसिला शुरू हो जाता है, जो दिवाली तक चलता रहता है। त्योहारी सीजन में बढ़ती महंगाई की मार इस बार श्रृंगार पर भी पड़ती दिखाई दी है, लेकिन फिर भी बाजार में खरीदार बेशुमार हैं। दुकानदारों ने हरियाली तीज पर विशेष तैयारियां की हैं। वहीं हरियाली तीज को लेकर मिठाई व घेवर की दुकानों पर भी खरीद बढ़ गई है। उल्लास व उमंग के इस पर्व में महिलाएं अखंड सुहाग की कामना के लिए निर्जला व्रत रखेंगी। व्रत के पहले महिलाएं परिधान, गहने व साज-श्रृंगार की तैयारियों में जुट गई हैं। दुकानदार अमित कुमार ने बताया कि बाजार में खरीदारी को लेकर चहल-पहल बढ़ रही है। मॉडल टाउन स्थित बूटीक संचालक मोहिनी व नेहा ने बताया कि तीज पर्व को लेकर हरे व पीले रंग के प्लाजो व नायरा सूट, धोती-सलवार सूट, फ्रॉक सूट, गाउन, क्रॉक टॉप, रेडिमेड साड़ी, पैंट सूट महिलाओं की पसंद बने हुए हैं।

सोनीपत। कच्चे क्वार्टर मार्केट में खरीदारी के लिए लगी ग्राहकों की भीड़।

सोनीपत। दुकान पर चूड़ियां खरीदती महिलाएं।

युवतियों में भी मेहंदी लगवाने का बढ़ा क्रेज

तीज को लेकर बाजार में मेहंदी लगवाने का भी क्रेज नजर आ रहा है। महिलाओं के साथ युवतियां मेहंदी के मारवाड़ी व राजस्थानी डिजाइन ज्यादा पसंद कर रही हैं। दुकानदार निखिल ने बताया कि दो दिन में दुकानों पर मेहंदी लगवाने के लिए महिलाओं की और भीड़ बढ़ सकती है। कच्चा क्वार्टर बाजार में मेहंदी लगाने वाले नरेश ने बताया कि एक हाथ पर मेहंदी लगाने का उन्हें 100 रुपये भुगतान मिल रहा है। डिजाइन के हिसाब से दाम बढ़ाकर लिए जा रहे हैं। इसके अलावा महिलाएं ब्यूटी पार्लरों पर महंगे स्पेशल ऑफर लेने से भी परहेज नहीं कर रही हैं। त्योहारों के आगमन के साथ इस बार बाजार में रेडिमेड व श्रृंगार के सामान के दाम में करीब 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, लेकिन दाम बढ़ने के बावजूद खरीद में कमी नहीं आई है।

मावा, ड्राईफ्रूट व घेवर की बढ़ी डिमांड

दुकानदारों के अनुसार हरियाली तीज पर बेटी के ससुराल में सिंधारा भेजने के लिए लोग मिठाई की खरीदारी में जुटे हैं। तीज पर घेवर व फैनी (फिरनी) मुख्य मिठाई मानी जाती है। बाजार में दोनों की बिक्री काफी बढ़ गई है। घेवर 350 से 680 रुपये किलो तक उपलब्ध है। वहीं फिरनी 200 से 350 रुपये किलो तक मिल रही है। दुकानदार ग्राहकों की मांग पर कई तरह के घेवर बना रहे हैं, इनमें सादा घेवर, दूध घेवर, ड्राईफ्रूट, मावा व केसर पिस्ता घेवर शामिल है। दुकानदारों का कहना है कि बाजारों में छाई रौनक रक्षाबंधन तक रहेगी।

मनोदेव स्कूल पिपली में मनाया गया तीज उत्सव

खरखौदा। मनोदेव इंटरनेशनल स्कूल पिपली में हरियाली तीज का पर्व हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों एवं शिक्षिकाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों, लोकगीतों एवं नृत्य प्रस्तुतियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं की सुंदर झलक देखने को मिली। विद्यालय प्रबंधक सुनीता देवी ने सभी को तीज पर्व की शुभकामनाएं दी।

गेटवे कॉलेज में विद्यार्थियों को उद्योग की जरूरतों से कराया अवगत

सोनीपत। गेटवे इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर, सोनीपत में उद्योग जगत की जरूरतों के अनुरूप विद्यार्थियों को तैयार करने के लिए एजुस्किल्स पर जागरूकता एवं जानकारी सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम गेटवे हायर एजुकेशन स्थित कॉर्बू हॉल, जीकैड में उद्योग गठजोड़ विभाग की ओर से डॉ. रेनू के समन्वय में हुआ। इसमें बीटेक, बीबीए, एमबीए और बीसीए अंतिम वर्ष के करीब 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को एजुस्किल्स प्रशिक्षण, उद्योग आधारित प्रमाणपत्र, व्यावहारिक प्रशिक्षण, कौशल विकास और रोजगार के अवसरों की जानकारी देना रहा।

बागवानी व पशुपालन की दी जानकारी

गोहाना। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा संचालित आत्मा योजना के तहत खंड गोहाना के गांव रिवाड़ा में एक विशेष कृषि जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में कृषि विभाग के साथ-साथ बागवानी, मत्स्य और पशुपालन विभाग के अधिकारियों और विशेषज्ञों ने किसानों को जागरूक किया। अध्यक्षता मुख्यालय रूखी के एडीओ डॉ. राकेश कलसन ने की। कैंप में अधिकारियों ने किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही नवीनतम कल्याणकारी योजनाओं, सब्सिडी और आधुनिक कृषि तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने किसानों को कृषि के साथ-साथ बागवानी, मत्स्य पालन और पशुपालन जैसे सहायक व्यवसायों को अपनाकर अपनी आय बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कैंप में एएसडीओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेहरा, बीएओ डॉ. जिनेंद्र कुमार, एडीओ मुख्यालय आंवली डॉ. सुरजीत, फील्डमैन रविन्द्र, कृषि सुपरवाइजर दीपक कुमार ने भी जागरूक किया। शिविर में गांव रिवाड़ा व आसपास के क्षेत्रों के अनेक किसानों ने भाग लिया और अपनी कृषि संबंधी समस्याओं एवं विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

जानलेवा हमले के मामले में दो इनामी आरोपित गिरफ्तार

सोनीपत। ऑपरेशन ट्रैकडाउन अभियान के तहत सोनीपत पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में पांच-पांच हजार रुपये के इनामी दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई पुलिस आयुक्त ममता सिंह, आईपीएस (एडीजीपी) के मार्गदर्शन में क्राइम यूनिट सेक्टर-3 की टीम ने की। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान विपिन उर्फ बिट्टू निवासी बागपत, उत्तर प्रदेश और मनोज निवासी गांव डाहर, मेरठ, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 19 जनवरी को एक महिला ने थाना बहालगढ़ में शिकायत दी थी कि 18 जनवरी की शाम उसके पति सचिन पर चौहान जोशी के पास कुछ लोगों ने हमला कर दिया। मारपीट में सचिन के सिर में गंभीर चोटें आई थीं। उसे पहले नागरिक अस्पताल और बाद में पीजीआई रोहतक रेफर किया गया था। शिकायत में महिला ने अपने भाई मनोज और जीजा बिट्टू पर हमले का संदेह जताया था। थाना बहालगढ़ की जांच टीम में नियुक्त सहायक उप निरीक्षक जसमेर ने दोनों को गिरफ्तार किया। न्यायालय ने आरोपितों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

पुलिस लाइन में की स्वतंत्रता दिवस की रिहर्सल

सोनीपत। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल गुरुवार को पुलिस लाइन में हुई। उपायुक्त नेहा सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में तिरंगा फहराया और जिलावासियों को स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पर्व पर प्रत्येक नागरिक को देशभक्ति की भावना के साथ स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों को नमन करना चाहिए। ध्वजारोहण के बाद उपायुक्त नेहा सिंह ने परेड का निरीक्षण किया। परेड कमांडर मलकीत सिंह के नेतृत्व में हरियाणा पुलिस की महिला व पुरुष टुकड़ियों, हरियाणा गृहरक्षी, हिंदुस्तान गाइड्स, रेडक्रॉस जूनियर्स और भारत स्काउट ने अनुशासित मार्च पास्ट किया। आठ विद्यालयों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। जीएमएसएसएसएस मॉडल टाउन ने फ्यूजन नृत्य, पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुरथल अड्डा ने हरियाणवी नृत्य, द स्प्रिंग एरा पब्लिक स्कूल ने गुजराती नृत्य, ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने पंजाबी नृत्य, जांकीदास कपूर पब्लिक स्कूल ने एक्शन नृत्य और शिवा शिक्षा सदन ने महिला सशक्तिकरण पर प्रस्तुति दी। इस दौरान डीसीपी नरेंद्र कादियान, एडीसी अजय चोपड़ा, एसडीएम सुभाष चंद्र, सीईओ जिला परिषद डॉ. अनमोल, संयुक्त आयुक्त नगर निगम मीतू धनखड़, एसीपी मलकीत सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया और डीएसओ मनोज कुमार मौजूद रहे।

गाड़ी चोरी करने वाला आरोपित गिरफ्तार

सोनीपत। कुंडली थाना पुलिस ने अस्पताल के बाहर से गाड़ी चोरी करने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान गांव भठगांव निवासी रोहित के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार गांव बैंयापुर निवासी प्रदीप ने 3 फरवरी को शिकायत दी थी कि उसने एक गाड़ी गिरवी रखी हुई थी। 24 जनवरी को वह अपनी पत्नी के उपचार के लिए कुंडली स्थित नोबल अस्पताल गया था। उसने गाड़ी अस्पताल के सामने खड़ी की और रात को अंदर चला गया। अगले दिन सुबह करीब आठ बजे गाड़ी वहां से गायब मिली। अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे खंगालने पर रात करीब 10:35 बजे एक व्यक्ति गाड़ी ले जाता दिखाई दिया। शिकायतकर्ता के अनुसार गाड़ी में आभूषण भी चोरी हो गए।

श्री गुरु हरकृष्ण साहिब के प्रकाश पर्व को समर्पित कीर्तन दरबार

सोनीपत गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब, सेक्टर-15 सोनीपत में मासिक कीर्तन दरबार श्री गुरु हरकृष्ण साहिब के प्रकाश पर्व को समर्पित कर आयोजित किया गया। कीर्तन दरबार की शुरुआत गुरुद्वारा साहिब के हजूरी रागी जत्था भाई बलजीत सिंह ने की। इसके बाद स्त्री सत्संग सभा ने कीर्तन किया। विशेष रूप से पटियाला से पहुंचीं बीबी जसप्रीत कौर एवं उनके जत्थे ने संगत को अमृतमयी वाणी का कीर्तन श्रवण कराया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संगत ने पहुंचकर गुरु पर्व के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। गुरुद्वारा साहिब के अध्यक्ष सरदार गुरदयाल सिंह सोढ़ी ने संगत को गुरु पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर हरजीत सिंह, अमरीक सिंह मान, तजेंद्र पाल सिंह, फतेहचंद नारंग और मनोज कालड़ा उपस्थित रहे।

न्यूज डायरी

क्विज स्पर्धा में इशिका प्रथम व नैन्सी दूसरे स्थान पर

गोहाना। राजकीय महिला महाविद्यालय, गोहाना में गुरुवार को एंटी-रैगिंग सप्ताह के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता कर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। प्रतियोगिता में इशिका ने प्रथम, नैन्सी ने द्वितीय तथा आशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एंटी-रैगिंग सेल की संयोजक डॉ. प्रियंका ने विजेता छात्राओं को रैगिंग के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया तथा महाविद्यालय को रैगिंग-मुक्त बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एंटी-रैगिंग सेल की सदस्य अर्चना कुमारी एवं सुनीता भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में रैगिंग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सुरक्षित, सम्मानजनक एवं सौहार्दपूर्ण शैक्षणिक वातावरण को प्रोत्साहित करना रहा।

हैप्पी चाइल्ड स्कूल में मनाई हरियाली तीज

सोनीपत। हैप्पी चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सोनीपत में हरियाली तीज उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन नरेंद्र बाल्यान एवं प्रधानाचार्या सुदेश बाल्यान ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए तीज की पारंपरिक संस्कृति, लोकगीतों और रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से उत्सव की सुंदर छटा बिखेरी। उत्सव में प्री-प्राइमरी कक्षाओं के बच्चों की माताओं को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की आयोजक रोमन रहीं। आयोजन को सफल बनाने में शालू, शिवानी और शिवानी रोहिला सहित पूरी टीम ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया। प्रधानाचार्या सुदेश बाल्यान ने विद्यार्थियों को हरियाली तीज के महत्व से अवगत कराया और सभी को पर्व की शुभकामनाएं दीं।

वृद्धा आश्रम में छह ने भरे शरीरदान के फार्म

सोनीपत। विश्व अंगदान दिवस के अवसर पर समाज कल्याण शिक्षा समिति की ओर से संचालित वृद्धा आश्रम में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छह लोगों ने पूर्ण शरीरदान और 12 लोगों ने अंगदान के फार्म भरे। समिति के प्रधान आनंद कुमार ने बताया कि संस्था वर्ष 2009 से अंगदान और शरीरदान के प्रति लोगों को जागरूक कर रही है। अब तक संस्था के प्रयासों से 30 लोगों का विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में पूर्ण शरीरदान कराया जा चुका है। आनंद कुमार ने कहा कि देश में प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में लोगों की मौत अंग उपलब्ध नहीं होने के कारण हो जाती है। उन्होंने लोगों से मृत्यु के बाद अंगदान और कम से कम नेत्रदान करने की अपील की। इस अवसर पर मुकेश मालिक, पवन कुमार, मयूर जांगड़ा, ममता सरोहा सहित आश्रम के सभी बुजुर्ग मौजूद रहे।

रिहर्सल में तैयारियों को दिया अंतिम रूप

गोहाना। स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर गरुवार को शहीद मदनलाल धींगड़ा स्टेडियम में फुल ड्रेस एवं फाइनल रिहर्सल आयोजित की गई। रिहर्सल का आयोजन एसडीएम अंकित कुमार के निर्देशन में किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। स्वतंत्रता दिवस समारोह की मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक कृष्णा गहलावत होंगी। फाइनल रिहर्सल के दौरान स्वतंत्रता दिवस समारोह में होने वाली विभिन्न गतिविधियों, मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा अन्य व्यवस्थाओं का पूर्वाभ्यास किया गया। समारोह के नोडल अधिकारी नायब तहसीलदार गोहाना हेमंत कुमार व नायब तहसीलदार खानपुर अंजू हैं। फाइनल रिहर्सल के दौरान पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ अशोक कुमार सहित दोनों नोडल अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

हिंदू विद्यापीठ में अलंकरण समारोह आयोजित

सोनीपत। हिंदू विद्यापीठ के सभागार में अलंकरण समारोह हर्षोल्लास से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, सोनीपत मनीष मलिक तथा उद्योगपति मुकेश जिंदल रहे। हिंदू प्रबंध समिति के वरिष्ठ सदस्य योगेश गर्ग और अध्यक्ष राजीव अग्रवाल भी उपस्थित रहे। समारोह में हेड बॉय, हेड गर्ल, हाउस कैप्टन, वाइस कैप्टन, प्रीफेक्ट्स तथा इको, फोटोग्राफी, खेल, साइबर, संगीत, साक्षरता और कला क्लब के पदाधिकारियों को बैज व पट्टिका पहनाकर जिम्मेदारियां सौंपी गईं। हेड बॉय और हेड गर्ल ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को विद्यालय की गरिमा बनाए रखने, अनुशासन और नेतृत्व के गुणों का पालन करने की शपथ दिलाई। मनीष मलिक ने विद्यार्थियों को अच्छा नागरिक बनने और कर्तव्यों का गंभीरता से पालन करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को बधाई दी। राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान के साथ समारोह संपन्न हुआ।

श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर हवन व भंडारा लगाया

गोहाना। गीता विद्या मंदिर, गोहाना में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर गुरुवार को हवन करवाया गया। कथा में श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चारण के सामूहिक रूप से आहुतियां डालते हुए समाज में सुख-समृद्धि की कामना की। हवन में यजमान के रूप में विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी कुमार एवं रीना, देवेंद्र कुमार एवं रेखा, पुष्प एवं आरती, गीता गोयल, दीपक कपूर, रजनी व सीमा गुलिया ने आहुतियां डाली। कथा के शुभारंभ पर सभी कलश उठाने वाली महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। हवन के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इंस्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेदा में अभ्युदय जनकल्याण न्यास के सहयोग से चलया अभियान

पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

माडू सिंह मेमोरियल इंस्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेदा के स्टाफ द्वारा अभ्युदय जनकल्याण न्यास, गोहाना के सहयोग से गुरुवार को आयुर्वेद फार्मेसी में पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वविद्यालय परिसर को हरा-भरा बनाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों, कर्मचारियों एवं समाज में जागरूकता का संदेश देना रहा।

पौधारोपण अभियान में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने पौधारोपण करते हुए कहा कि पेड़-पौधे केवल पर्यावरण को संतुलित रखने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य की आधारशिला भी हैं। पौधारोपण करना तभी सार्थक होगा, जब लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण भी सुनिश्चित किया जाए। कार्यक्रम में भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज के सर्जन प्रो. डॉ. पुष्पेंद्र मलिक ने कहा कि स्वच्छ एवं हरा-भरा वातावरण सीधे तौर पर मानव स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ है।

गोहाना। पौधरोपण करते कुलपति प्रो. सुदेश व अन्य। फोटो : हरिभूमि

अधिक से अधिक पौधे लगाना जरूरी

आज बढ़ता प्रदूषण और पर्यावरणीय असंतुलन अनेक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को जन्म दे रहा है। ऐसे में अधिक से अधिक पौधे लगाना और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण आवश्यक है। फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के प्रो. योगेंद्र मलिक ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य डॉ. एपी नायक ने की। संस्थान के डीन डॉ. एसपी गौतम, डॉ. जीके पांडा ने भी पौधरोपण कर स्वच्छता का संदेश दिया।

कर्मचारियों ने तीन माह से लंबित वेतन मांगा

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) के टीचिंग एवं नॉन-टीचिंग स्टाफ के लगभग 700 कर्मचारियों ने विवि प्रशासन को पत्र लिखकर मई, जून एवं जुलाई 2026 इन तीन माह से लंबित वेतन का भुगतान करने की मांग की है। अनुबंधित शिक्षक असिस्टेंट प्रोफेसर एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. सुमन रंगा, सचिव डॉ. नेहा शर्मा एवं उपाध्यक्ष डॉ. विजय मलिक ने संयुक्त बयान में कहा कि पिछले लगभग दो वर्षों से वेतन भुगतान में लगातार दो-तीन माह की देरी हो रही है। इसके कारण कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को गंभीर आर्थिक कठिनाइयों और मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा है। अक्टूबर 2025 में भी शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने समय पर वेतन भुगतान की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया था, लेकिन इसके बावजूद स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। इस बारे मुख्यमंत्री से लेकर उच्च अधिकारियों को भी अवगत करवाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि अधिकांश कर्मचारी मध्यमवर्गीय परिवारों से हैं और वेतन ही उनके परिवार की आजीविका का प्रमुख साधन है। समय पर वेतन नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों को आवश्यक घरेलू खर्चों एवं ऋण की किश्तों की पूर्ति के लिए उधार लेने को मजबूर होना पड़ रहा है।

वीर शहीदों की बदौलत आज हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहेः अर्चना

राई में भव्य तिरंगा यात्रा निकाल कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

राई। भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता तिरंगा यात्रा में शामिल होते हुए, साथ में राई हलके के नेतागण। फोटो: हरिभूमि

राई। देशभक्ति के जोश के साथ राई हल्के में वीरवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाल कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। तिरंगा यात्रा में राई हल्के से विधायक कृष्णा गहलावत के आहवाहन पर काफी संख्या में लोग यात्रा में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता ने शिरकत की। शहीद सम्मान तिरंगा यात्रा खेवड़ा रोड पर सामुदायिक भवन से शुरू होकर दीपालपुर मोड, बहालगढ़ चौक से होती हुई रामा हॉस्पिटल के पासाकर समाप्त हुई। यात्रा का मुख्य बाजार में पहुंचने पर यात्रा के संयोजक मास्टर सतनारायण आंतिल, युवा नेता जसपाल खेवडा, नरेंद्र धीमान मंच संचालक, बहालगढ़ के सरपंच राजेश स्वामी के नेतृत्व में जेसीबी से गुलाब के फूलों की पत्तियों से स्वागत किया। भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता ने कहा कि देश की आजादी में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद एवं शहीदों को सम्मान देने के लिए हर वर्ष तिरंगा यात्रा निकाली जाती है। अर्चना गुप्ता ने कहा कि असंख्य वीर शहीदों की बदौलत आज हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं और हम सभी का दायित्व ही नहीं बल्कि कर्तव्य भी बनता है कि हमें उन महान वीरों की शहादत को नमन कर उन्हें सम्मान दें। तिरंगा यात्रा के आयोजक भाजपा विधायक कृष्ण गहलावत ने कहा कि शहीद सम्मान तिरंगा यात्रा से देश में शहीदों एवं तिरंगे के प्रति लोगों में सम्मान की प्रेरणा जगेगी। तिरंगा हमारे देश की एकता का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा से लोगों में आपसी सौहार्द एवं भाईचारा बढ़ेगा।

ये मौजूद रहे

इस मौके पर जिला अध्यक्ष, नगर निगम मेयर राजीव जैन, भाजपा नेता सतीश नांदल, पूर्व अध्यक्ष कुलदीप नांगल, भाजपा नेता मास्टर सत्यनारायण आंतिल, जिला परिषद की चेयरपर्सन मोनिका दहिया,भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक,युवा नेता शेखर आंतिल खेवड़ा , मास्टर नरेंद्र धीमान,प्रिंस, हैप्पी, पार्षद मुनीरासम, पूर्व जिलाअध्यक्ष जसवीर दोदवा, पूर्व जिला अध्यक्ष तीर्थ राणा, मंडल अध्यक्ष विकास, वेदपाल शास्त्री, जयराम शर्मा सरपंच, इंद्र सोनिया मोर, बबीता दहिया, आदि नेतागण व गणमान्य लोग मौजूद थे।

विधायक देवेंद्र कादियान की अगुवाई में गन्नौर में निकली तिरंगा यात्रा

गन्नौर। घर-घर तिरंगा, हर घर तिरंगा अभियान के तहत गुरुवार को गन्नौर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। लघु सचिवालय से रेलवे स्टेशन होकर नगरपालिका रोड पर मॉडल संस्कृति स्कूल तक करीब दो किमी यात्रा में स्कूलों-कॉलेज के करीब 4 हजार छात्र-छात्राओं के साथ आमजन और सामाजिक संगठनों के लोग शामिल हुए। विधायक देवेंद्र कादियान ने यात्रा की अगुवाई की। हाथों में तिरंगा लेकर चल रहे विद्यार्थियों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए। पूरा शहर देशभक्ति के रंग में नजर आया। यात्रा के मार्ग पर लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। विधायक कादियान राष्ट्रीय ध्वज थामे यात्रा के आगे चलते रहे। यात्रा के दौरान देश की एकता, अखंडता और राष्ट्र प्रेम का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों की बड़ी भागीदारी से यात्रा में खासा उत्साह नजर आया। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि तिरंगा देश के मान-सम्मान और गौरव का प्रतीक है। आजादी के समय सैकड़ों युवाओं ने बलिदान दिया। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में देशभर में तिरंगा यात्राएं और देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इनका उद्देश्य समाज में राष्ट्रप्रेम की भावना मजबूत करना और युवा पीढ़ी को देश के प्रति जिम्मेदारियों से जोड़ना है।

छात्राओं ने तिरंगा रैली निकाल लोगों में जगाई देशभक्ति की अलख

सोनीपत। पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मुरथल अड्डा की छात्राओं व स्टाफ सदस्यों ने वीरवार को हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम के तहत तिरंगा रैली निकाली। तिरंगा रैली को स्कूल परिसर से प्राचार्य दिनेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छात्राओं ने तिरंगा रैली के दौरान लोगों को जागरूक करते हुए देशभक्ति का संदेश दिया। रैली में विद्यालय की रेडक्रॉस इकाई, एनएसएस व स्काउट एडं गाइड, नेवी व आर्मी की टुकड़ियों ने भाग लिया। इस दौरान शिक्षिका दर्शना कुमारी, सुनीता, रितु राज, राजेश, स्नेहलता, अरुण, संगीता सहित काफी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

विद्यार्थियों ने देशभक्ति के नारे लगाए

खरखौदा। द स्टैनफोर्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली। इस रैली में कक्षा आठवीं से 12वीं के छात्र-छात्राओं ने ग्राम थाना खुर्द में जन जागरण अभियान के तहत तिरंगा मार्च करते हुए देशभक्ति के नारे लगाए और ग्राम परिक्रमा की। इस रैली का आयोजन विद्यालय प्रबंधन समिति के द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना जगाना तथा घर-घर तिरंगा फहराना था। रैली का शुभारंभ एकेडमिक कोऑर्डिनेटर योगेश द्वारा किया गया। जिसमें अमित आर्य, आदित्य राजपूत, जगमिंद्र के साथ-साथ पूजा मलिक, रितु तथा सरोज भी शामिल थी। विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षक गण भी अत्यधिक उत्साहित थे। विद्यालय के चेयरमैन उत्सव दहिया ने विद्यार्थियों में जोश भरते हुए कहा कि देश सर्वोपरि है हमें तिरंगे का सम्मान करना चाहिए।

छात्राओं ने दिया राष्ट्रप्रेम का संदेश

सोनीपत। टीका राम गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत में 13 अगस्त को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की ओर से हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली निकाली गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को जागृत करना रहा। इस अवसर पर स्वयंसेविकाओं ने राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता बनाए रखने की शपथ ली। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. डॉ. उषा दहिया ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। उन्होंने छात्राओं को देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और तिरंगे के सम्मान का संदेश दिया। टीका राम एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया ने छात्राओं को राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करने तथा राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

वंदे मातरम के नारों से दिया एकता का संदेश

सोनीपत। भारत सरकार के निर्देशानुसार 9 से 17 अगस्त तक चल रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में तिरंगा यात्रा निकाली गई। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) इकाई की ओर से आयोजित यात्रा में स्वयंसेवकों और कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। संस्था के प्रधान डॉ. ओपी परूथी ने एनएसएस प्रभारी रुचिका ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता, अखंडता और गौरव की भावना को मजबूत करना है। विद्यार्थियों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों के साथ यात्रा निकाली। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी रुचिका बिरमानी, एनसीसी प्रभारी के. प्रियंका, डॉ. मनिता, मोनिका, मीना तथा रश्मि उपस्थित रहीं।

इनर व्हील क्लब ने हर्षोल्लास से मनाया तीज पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- सदस्यों ने पारंपरिक परिधान में सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया उत्सव
- सामाजिक परियोजनाओं की भी दी जानकारी

इनर व्हील क्लब ऑफ सोनीपत की ओर से सामान्य सभा की बैठक के साथ तीज उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास से किया गया। कार्यक्रम में जीवीएम गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह और जीवीएम कॉलेज की चिकित्सा अधिकारी डॉ. नीलम परुथी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। क्लब की अध्यक्ष डॉ. कमलेश मलिक ने अतिथियों और सदस्यों का स्वागत किया। सामान्य सभा की बैठक में क्लब की ओर से अब तक किए गए कार्यों और विभिन्न सामाजिक परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की गई। इस दौरान क्लब की सामाजिक गतिविधियों, सेवा कार्यों और भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की गई। इसके बाद तीज पर्व का आयोजन किया गया। क्लब की सदस्यों ने पारंपरिक उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा के साथ तीज मनाई। कार्यक्रम के दौरान उत्सव का माहौल बना रहा और सदस्यों ने विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। सचिव मंजू चुघ, कोषाध्यक्ष नीलम सहगल सहित क्लब की सदस्याएं मौजूद रहीं। सभी सदस्यों की उत्साहपूर्ण सहभागिता से समारोह जीवंत और यादगार बन गया। क्लब पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे आयोजन भारतीय संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाने के साथ सदस्यों को एक-दूसरे से जुड़ने का अवसर भी प्रदान करते हैं।

सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान मौजूद इनरव्हील क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यगण। फोटो : हरिभूमि

देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियों ने बांधा समां, शहीदों को किया नमन

सोनीपत। विद्यालय में प्रतिभागी विद्यार्थियों के साथ विद्यालय निदेशक एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

सोनीपत। सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में 13 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर वीरवार को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक सुखप्रिय शास्त्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद तिलक समारोह हुआ। प्राचार्य डॉ. अंकुर रोहिल्ला ने विद्यार्थियों को प्रेरक संबोधन देते हुए स्वतंत्रता के महत्व और देश के प्रति कर्तव्यों से अवगत कराया। कार्यक्रम में आठवीं, नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा की छात्राओं ने वसुधैव कुटुम्बकम्, सिपाहियों का नृत्य, भाषण और कविता-वाचन सहित विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। छात्राओं ने 'तेरी मिट्टी में मिल जावा' और 'संदेशे आते हैं' जैसे देशभक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। प्रस्तुतियों को देखकर उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गईं। विद्यालय निदेशक दीपक शर्मा ने विद्यार्थियों को पारितोषिक प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने स्वतंत्रता के महत्व, देश के प्रति समर्पण और बलिदानियों के सम्मान पर विचार रखे। डॉ. अंकुर रोहिल्ला ने भी विद्यार्थियों को शहीदों को नमन करते हुए देश के प्रति समर्पित और जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम हर्ष और उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

गन्नौर उप मंडल परिसर में जल्द खुलेगा नया डाकखाना, लोगों को मिलेगी सुविधा

तैयारियां अंतिम चरणों में

एसडीएम प्रवेश कादियान ने बताया कि पुराने तहसील भवन के बड़े हाल में नया डाकखाना और आधार सेवा केंद्र खोले जाएंगे। इसकी तैयारियां अंतिम चरणों में है। 1 महीने के अंदर यहां दोनो सुविधाएं शुरू हो जाएंगी। शुरू होने से गन्नौर क्षेत्र के लोगों को एक ही स्थान पर कई जरूरी सेवाएं उपलब्ध होंगी।

गन्नौर। गन्नौर उप मंडल परिसर में जल्द ही नया डाकखाना शुरू हो जाएगा। इससे क्षेत्र के लोगों को डाक संबंधी सेवाओं के लिए दूर जाने की परेशानी से राहत मिलेगी। डाकखाना खोलने को लेकर एसडीएम प्रवेश कादियान और डाक विभाग के सुपरिंटेंडेंट कृष्ण राणा के बीच बैठक हुई, जिसमें सुविधा शुरू करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि पुराने एसडीएम कार्यालय भवन में करीब एक महीने के भीतर डाकखाना शुरू कर दिया जाएगा। डाकखाने के साथ ही इसी परिसर में नया आधार सेवा केंद्र भी खोला जाएगा। इससे लोगों को आधार कार्ड बनवाने और उसमें जरूरी बदलाव कराने के लिए दूसरे स्थानों पर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। एक ही परिसर में दोनों सुविधाएं मिलने से लोगों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है। जैन गली स्थित मुख्य डाकखाने को भी जल्द ही शास्त्री नगर में शिफ्ट करने की तैयारी है। डाक विभाग के सुपरिंटेंडेंट कृष्ण राणा ने बताया कि वर्तमान स्थान पर पार्किंग की कमी और लोगों को आने-जाने में होने वाली परेशानी को देखते हुए डाक विभाग की ओर से नई जगह तलाशी कर ली गई है। शास्त्री नगर में मुख्य डाकखाने को स्थानांतरित किया जाएगा। स्थानीय लोगों की ओर से लंबे समय से मुख्य डाकखाने को ऐसी जगह शिफ्ट करने की मांग की जा रही थी, जहां लोगों को आसानी से पहुंच मिल सके और पार्किंग की पर्याप्त सुविधा हो। नए स्थान पर डाकखाना शुरू होने से इन समस्याओं का समाधान होने की उम्मीद है।

चौ. देवीलाल चीनी मिल में किसान गोष्ठी आयोजित

किसानों को दी गन्ना उत्पादन की नवीन जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

किसानों को प्रशिक्षित करते हुए विशेषज्ञ, साथ हैं मिल की एमडी अंकिता वर्मा व मिल परिसर में पौधरोपण करते हुए अधिकारी और किसान।

गांव आहुलाना स्थित चौ. देवीलाल चीनी मिल में गुरुवार को किसान गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में जिला करनाल के गांव उचानी में कृषि विश्वविद्यालय हिसार के क्षेत्रीय केंद्र से निदेशक डॉ. महासिंह, पैथोलॉजिस्ट डॉ. प्रशांत, एग्रोनोमिस्ट डॉ. नवीन और ब्रिडर डॉ. रमेश ने किसानों को गन्ना उत्पादन की नवीनतम जानकारियां दी। विशेष फोकस गन्ने की गुणवत्ता पर रहा। विशेषज्ञों ने किसानों को बताया कि वे गन्ने की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। इसके लिए फसल उत्पादन की नवीनतम तकनीकें अपनाएं। कार्यक्रम में 200 किसानों को निःशुल्क पैरासाइट कार्ड भी वितरित किए। विशेषज्ञों ने बताया कि एक एकड़ में केवल एक ही कार्ड का उपयोग करना होगा। एक कार्ड में 24 टिकटें निकलती हैं जिनको फसल के बीच में लगाना होगा। इससे हानिकारक कीट नष्ट हो जाएंगे और फसल नुकसान से बचेगी। गोष्ठी के बाद विशेषज्ञों के दल ने प्रगतिशील किसानों के खेतों का दौरा कर गन्ने की फसल की जांच की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मिल की एमडी अंकिता वर्मा ने की। कार्यक्रम में मिल के सीएओ जितेंद्र शर्मा, चीफ इंजीनियर अनिल चौहान, चीफ कैमिस्ट देवेंद्र दहिया, एलडब्ल्यूओ अनिल शर्मा, सीएमओ धर्मबीर कादियान और सीडीओ महावीर शर्मा व अन्य अधिकारीगण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

ये मौजूद रहे

कार्यक्रम में मिल के सीएओ जितेंद्र शर्मा, चीफ इंजीनियर अनिल चौहान, चीफ कैमिस्ट देवेंद्र दहिया, एलडब्ल्यूओ अनिल शर्मा, सीएमओ धर्मबीर कादियान और सीडीओ महावीर शर्मा व अन्य अधिकारीगण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मिल परिसर में 125 पौधे लगाए

मिल प्रशासन द्वारा पौधरोपण अभियान चलाया गया है। अभियान के तहत गुरुवार को मिल परिसर में किसानों के हाथों से अमरूद, जामुन, आम, नीमम और शीशम सहित अन्य किस्मों के 125 पौधे लगाए गए। मिल प्रशासन का लक्ष्य अपने इस अभियान के तहत 500 पौधे रोपने का है।

न्यूज डायरी

रागनी एवं भजनों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया

गोहाना। राजकीय महिला महाविद्यालय, गोहाना में सांस्कृतिक समिति और हरियाणा कला परिषद के संयुक्त तत्वावधान में तीज महोत्सवः 2026 का भव्य एवं रंगारंग आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एसएन गुप्ता, अध्यक्ष, नंदलाला गोधाम समिति और विशिष्ट अतिथि हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल के उप निदेशक गगन हरियाणवी रहे। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या मीनाक्षी सांगवान ने की। संयोजन सांस्कृतिक समिति की संयोजक डॉ. रेखा देवी का रहा। कार्यक्रम में संदीप शर्मा भैंसवालिया द्वारा प्रस्तुत रागनी एवं भजनों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। धर्मपुत्र कला मंच के निदेशक मनोज जाले एवं नृत्य प्रशिक्षक सुधीर के मार्गदर्शन में महाविद्यालय की छात्राओं ने लोकनृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दी। हिमांशी ने एकल नृत्य, अदिति एवं समूह तथा पायल एवं समूह ने हरियाणवी समूह लोकनृत्य की प्रस्तुति से कला प्रतिभा की अनूठी छाप छोड़ी।

किसान यूनियन ने लंगर के लिए रकाबगंज गुरुद्वारे भेजा 35 क्विंटल गेहूं

खरखौदा। अनाज मंडी खरखौदा से भारतीय किसान यूनियन सिद्धूपुर से जुड़े किसान नेताओं ने गुरुवार को दिल्ली स्थित रकाबगंज गुरुद्वारे में लंगर के लिए 35 क्विंटल गेहूं भेजा है। इस अवसर पर किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने कहा कि किसान आंदोलन के दौरान गुरुद्वारों का विशेष योगदान रहा है। आंदोलन के समय जब भी भोजन या ठहरने की व्यवस्था में परेशानी आई, गुरुद्वारों के दरवाजे किसानों के लिए हमेशा खुले रहे। उन्होंने कहा कि अब किसानों का भी कर्तव्य बनता है कि वे गुरुद्वारों में किसी न किसी रूप में योगदान दें। इसी उद्देश्य से खरखौदा मंडी से 35 क्विंटल गेहूं रकाबगंज गुरुद्वारे के लंगर के लिए भेजा है।

राजपुर में ट्रांसफार्मर से वाइंडिंग और तेल चोरी

गन्नौर। गांव राजपुर में चोरों ने बिजली निगम के 100 केवीए ट्रांसफार्मर से एचटी-एलटी वाइंडिंग और पूरा तेल चोरी कर लिया। चोर ट्रांसफार्मर की दोनों बुशिंग भी तोड़ गए। घटना से बिजली निगम को करीब 1.80 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। बिजली निगम के एसडीओ रुपेश गहलावत ने इसकी शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में बताया कि 10 अगस्त को जेई धीरज से ट्रांसफार्मर चोरी और तोड़फोड़ की सूचना मिली। मौके पर जांच करने पर ट्रांसफार्मर से वाइंडिंग और तेल गायब मिला, जबकि केवल बाहरी ढांचा बचा था। दोनों एचटी-एलटी बुशिंग भी टूटी मिलीं। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कांवड़ यात्रा के दौरान झरोठ टोल से बाइक चोरी

खरखौदा। कांवड़ लेने जा रहे एक युवक की बाइक झरोठ टोल के पास खराब होने के बाद उसे वहीं छोड़कर जाना महंगा पड़ गया। वापस लौटने पर बाइक मौके से गायब मिली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में चुलियाना निवासी राहुल ने बताया कि वह 11 अगस्त को बाइक लेकर कांवड़ लेने जा रहा था। रास्ते में झरोठ टोल के पास उसकी बाइक खराब हो गई। इसके बाद वह बाइक को वहीं छोड़कर कांवड़ लेने चला गया। जब वह वापस लौटा तो बाइक मौके पर नहीं मिली। आसपास तलाश करने और जानकारी जुटाने के बावजूद बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कल्पना चावला विद्यापीठ में हुई साइंस क्विज में साइनैप्स स्क्वाड ने मारी बाजी

खरखौदा। कल्पना चावला विद्यापीठ में विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तार्किक क्षमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक भव्य अंतर - सदनीय साइंस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के तीनों सदनों सत्यम, शिवम और सुंदरम के बाल वैज्ञानिकों ने अपनी तीक्ष्ण बुद्धि और ज्ञान का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता को और अधिक रोचक बनाने के लिए तीनों सदनों की टीमों को विशेष वैज्ञानिक नाम दिए गए थे। सत्यम सदन- ऐम्पियर एलायंस, शिवम सदन- कैटलिस्ट क्रू, सुंदरम सदन- साइनैप्स स्क्वाड। मंच का संचालन अध्यापिका काजल द्वारा किया गया, वहीं पूरी प्रतियोगिता के प्रारूप और नियमों की जिम्मेदारी अध्यापिका आरती ने बखूबी संभाली। ज्ञान और रोमांच से भरे इस कड़े मुकाबले में सुंदरम सदन की टीम 'साइनैप्स स्क्वाड' ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं सत्यम सदन की टीम ऐम्पियर एलायंस ने शानदार मुकाबला करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि शिवम सदन की टीम 'कैटलिस्ट क्रू' तृतीय स्थान पर रही। प्राचार्या उषा वत्स एवं प्राथमिक प्रभारी रितु ने विजेता एवं उप-विजेता टीमों को बधाई दी।

स्वतंत्रता दिवस पर निकलेगी तिरंगा यात्रा लगेगा छठा रक्तदान शिविर

सोनीपत। सोनीपत में 80वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन की जिला सोनीपत इकाई द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 15 अगस्त शनिवार को शहर में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी और इसके साथ ही छठा विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने शहरवासियों से इन कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन की ओर से मिली जानकारी के अनुसार तिरंगा यात्रा शनिवार सुबह 08 बजे खाटू श्याम मंदिर से शुरू होगी। यह यात्रा गुड़ मंडी, ककरोई चौक, गीता भवन चौक, बस स्टैंड और सेक्टर 14 मार्केट से होती हुई महाराजा अग्रसेन भवन सेक्टर 14 सोनीपत में संपन्न होगी। इस यात्रा में लोग साइकिल, मोटरसाइकिल, स्कूटी और कार के माध्यम से शामिल हो सकेंगे। इसके अलावा महाराजा अग्रसेन भवन सेक्टर 14 सोनीपत में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक छठा विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा।

अग्रवाल सम्मेलन स्वतंत्रता दिवस पर निकालेगा विशाल तिरंगा यात्रा

सोनीपत। अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन की जिला इकाई की ओर से 80वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 15 अगस्त को विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इसके पश्चात सेक्टर-14 स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में छठा रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन व महिला अग्रवाल सम्मेलन की जिला इकाई के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा। सीए अनुज मंगला ने बताया कि तिरंगा यात्रा की शुरुआत 15 अगस्त को खाटू श्याम मंदिर से की जाएगी। यात्रा गुड़ मंडी, ककरोई चौक, गीता भवन चौक, बस अड्डा रोड, सेक्टर-14 मार्केट रोड से होते हुए महाराजा अग्रसेन भवन में संपन्न होगी। तिरंगा यात्रा में काफी संख्या में शहरवासी साइकिल, बाइक, स्कूटी व चार पहिया वाहनों में शामिल होकर लोगों में देशभक्ति का जज्बा पैदा करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन मोहनलाल बड़ौली, विधायक निखिल मदान, पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन, नगर निगम मेयर राजीव जैन, पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार शामिल होंगे। संस्था की ओर से रक्तदान शिविर में सभी रक्तदाताओं को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान हरियाली तीज महोत्सव भी मनाया जाएगा।

Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET
ON ALL MRP 6% OFF
UPTO 80% OFF
FREEDOM SALE
3 Aug to 20 Aug
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE
FREE
WIZ 1LTR
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.
ON SHOPPING OF ₹1999 & ABOVE
FREE
Fresca 1 LTR
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.
ROHTAK
BAHADURGARH
JHAJJAR
GOHANA
DIGHAL
SAMPLA
PANIPAT
BHIWANI
BUY 1 GET 1 FREE
CHIPS
BUY 1 GET 1 FREE
MANGO SIP
BUY 1 GET 1 FREE
BUDWEISER NON ALCOHOLIC DRINK
BUY 1 GET 5 FREE
REAL MASALA JUICE 1LTR
BUY 1 GET 1 FREE
FRESCA JUICE 1LTR
BUY 1 GET 3 FREE
MANIA JUICE 1.2 LTR
BUY 1 GET 3 FREE
MCCAIN 1.2KG
BUY 1 GET 1 FREE
NISHA NAMKEEN
SELECTED VARIANTS
BUY 1 GET 1 FREE
SATMOLA NAMKEEN
BUY 1 GET 1 FREE
UNIBIC BISCUITS FAMILY PACK
BUY 1 GET 1 FREE
XCITE NOODLES (330 g)
BUY 1 GET 1 FREE
TOPS TOMATO KETCHUP 850G
BUY 1 GET 1 FREE
FUNFOOD VEG MAYO SUPERLITE 800GM
BUY 1 GET 1 FREE
VANDNAM BHOG
SOOJI - MAIDA - DALIYA 500g
BUY 1 GET 1 FREE
MARVEL PREMIUM TEA 250GM / 1KG
BUY 1 GET 1 FREE
PRABHAS GHEE
BUY 1 GET 1 FREE
TOP / MOTHER PICKLE 950 GM
BUY 1 GET 1 FREE
DEHAAT MAKHANA
BUY 1 GET 1 FREE
GM POHA CLASSIC (500G)
BUY 1 GET 1 FREE
BREGANO PASTA
ALL VARIANTS
BUY 1 GET 1 FREE
PRO NATURE KABULI CHANA 1KG
BUY 1 GET 1 FREE
MULBERRY MUFFIN
BUY 1 GET 1 FREE
BEANUT PEANUT BUTTER 1 KG
BUY 1 GET 1 FREE
DABUR COW GHEE 200 G
BUY 1 GET 1 FREE
DELMONTE JUICE 200 ML
BUY 1 GET 1 FREE
SAFE WASH MATIC TOP LOAD 2LTR
BUY 1 GET 1 FREE
CHUKDE MASALA 100 / 200GM
BUY 1 GET 1 FREE
JOCKEY INNERWEAR MEN & WOMEN
FREE GIFT
SHOP ₹1,000 – GET A TOWEL FREE
SHOP ₹2,000 – GET A BEDSHEET FREE
ODONIL ROOM SPRAY
BUY 1 GET 1 FREE
TRISHUL 5LTR
BUY 1 GET 1 FREE
IHP PRODUCTS
BUY 1 GET 1 FREE
CLARET / KRESSA / KCO NAPKIN
BUY 1 GET 1 FREE
ARIEL COMPLETE DETERGENT POWDER 4 KG
BUY 1 GET 1 FREE
K'TRIQ
SELECTED VARIANT
BUY 1 GET 1 FREE
Rohtak, Bus Stand
Bus Stand Rd, adjacent to D2M Hotel, near New, Vikas Nagar, Rohtak
Contact: +91-8199999480
Rohtak, Model Town
NEAR APEX HOSPITAL
Model Town, Rohtak
Contact: +91-9350999480
Karnal
Meerut - Karnal Rd, near Devilal Park, Rajinder Nagar, Sector 14, Karnal
Contact: +91-90530 86555
Dighal
Sampla Beri Road, Dighal.
Contact: +91-7419202127
Pinjore
Abdullapur Rd, opp. Hotel Raunak, Abdullapur, Pinjore, Haryana Contact: +91-76962 97828
Bahadurgarh
Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
Contact: +91-9992296899
Sampla
Elenta Mart, Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
Contact: +91-8930062800
Gohana
Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
Contact: +91-7419002626
Jhajjar
W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
Contact: +91-8750187531
Panipat
Ground Floor, Mittal Mega Mall, Sector 25 II, Sector 25, Panipat,
Contact: +91-98177 76446
Sonipat
ITI Chowk, near Sai Mandir, Kabirpur, Sonipat, Haryana.
Contact: +91 90530 87555
Zirakpur
Opera Garden Complex, Kishanpura (near Sector 20, Dhakoli)
Contact: +91-89300 79600
Hisar
Tower Enclave, Jindal Chowk opposite HDFC Bank, Hisar
Contact: +91-9896938427
Bhiwani
Meham Gate, opposite Saini Juice, Bhiwani, Haryana.
Contact: +91 99960 31240
Malerkotla
Thandi Sadak, opposite Maharaja Hotel, adjoining Tehsil Complex, Malerkotla .
Contact: +91 6284 603 391
*T & C. APPLY
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS. *All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.